Danik Bhaskar (Indore), 6th November 2026, Front Page Plus – 04

# वैज्ञानिकों ने बताईं चिकित्सा, रोबोटिक्स की नई तकनीकें

## आईआईटी इंदौर : युवाओं को उद्यमिता के लिए किया प्रेरित




भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी), मुंबई के वैज्ञानिकों ने चिकित्सा, ऊर्जा, प्लाज्मा और रोबोटिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रही नई तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। संस्थान में बीएआरसी के सहयोग से प्रौद्योगिकी प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम (टीओपी) आयोजित किया गया। इसमें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ अनुसंधान की संभावनाओं से अवगत कराया गया। आईआईटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. देवेंद्र देशमुख मुख्य अतिथि और रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन प्रो. अभिरूप दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बीएआरसी की ओर से राजेश कुमार जैन उपस्थित रहे।

### चार तकनीकी सत्रों में अनुसंधान की संभावनाएं बताईं

कार्यक्रम में चिकित्सा प्रौद्योगिकी, प्लाज्मा प्रौद्योगिकी, न्यूट्रॉन आधारित तकनीक और रोबोटिक्स आधारित तकनीक पर चार सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने इन क्षेत्रों में हो रही वैज्ञानिक प्रगति और संभावित उपयोगों की जानकारी दी। 'उद्यमिता क्यों?' विषय पर प्रस्तुति में विद्यार्थियों और युवा शोधकर्ताओं को नवाचारी विचारों को व्यावहारिक समाधान में बदलने और उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आईआईटी इंदौर और बीएआरसी के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान, तकनीकी विकास, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और विद्यार्थियों व शिक्षकों की सहभागिता बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता बताई, ताकि युवा शोधकर्ताओं को देश की वैज्ञानिक प्राथमिकताओं और अत्याधुनिक तकनीकों से जुड़ने के अधिक अवसर मिल सकें।